कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

विश्वकर्मा भवन प्रथम तल, 4–सुभाष रोड़,सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001

Email ID- ceo_uttaranchal@eci.gov.in
election09@gmail.com

फोन न0 (0135) – 2713716, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2713724

संख्या– 2766 /XXV –90/2022 देहरादून : दिनांक 21 अप्रैल, 2022

सेवा में,

ELECTION-URGENT

प्रधान सचिव,
भारत निर्वाचन आयोग,
निर्वाचन सदन, अशोक रोड़,
नई दिल्ली।

विषयः– **उत्तराखण्ड राज्य से जनपद चम्पावत 55–चम्पावत की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से विधायक का पद रिक्त होने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक उत्तराखण्ड राज्य जनपद चम्पावत की 55–चम्पावत विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित विधायक श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, जी ने दिनांक 21 अप्रैल 2022 को विधान सभा की सदस्यता से त्याग–पत्र दे दिया है, जिसे अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक 21 अप्रैल 2022 को ही स्वीकार कर लिया गया है, फलस्वरूप उत्तराखण्ड विधान सभा में श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, का स्थान दिनांक 21 अप्रैल 2022 से रिक्त हो गया है।

2– उक्त सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि कार्यालय अभिलेखों के अनुसार वर्तमान में मा0 न्यायालय में उक्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित कोई निर्वाचन याचिका दायर/प्रचलित नहीं है।

अतः तत्सम्बन्धी सचिव विधान सभा उत्तराखण्ड द्वारा जारी अधिसूचना/प्रकीर्ण संख्या–852/वि0स0/125/पटल/2007 दिनांक 21 अप्रैल 2022 की प्रति संलग्न कर आयोग की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित करने के मुझे निदेश प्राप्त हुए हैं।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

(सौजन्या)
सचिव एवं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी।
उत्तराखण्ड।

उत्तराखण्ड विधान सभा

विधान सभा सचिवालय

उत्तराखण्ड

(पटल अनुभाग)

संख्या : 852/वि0स0/125/पटल/2007

देहरादून, दिनांक : 21 अप्रैल, 2022

अधिसूचना/प्रकीर्ण

चूंकि, जनपद चम्पावत, 55-चम्पावत विधान सभा क्षेत्र से श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, उत्तराखण्ड विधान सभा के सदस्य चुने गये थे;

और, चूंकि, उक्त श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी ने दिनांक 21 अप्रैल, 2022 को विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र दे दिया है;

और, चूंकि, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा ने श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी द्वारा दिये गये त्याग-पत्र को दिनांक 21 अप्रैल, 2022 को स्वीकार कर लिया है;

अतः एतद्द्वारा सर्वसाधारण की सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि 55-चम्पावत, विधान सभा क्षेत्र से श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी का स्थान उत्तरखण्ड विधान सभा में दिनांक 21 अप्रैल, 2022 से रिक्त हो गया है।

आज्ञा से,

(मुकेश सिंघल)
सचिव।

संख्या : 852/वि0स0/125/पटल/2007, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषितः-

1. माननीय अध्यक्ष के प्रमुख निजी सचिव को माननीय अध्यक्ष की सूचनार्थ,
2. माननीय नेता प्रतिपक्ष के निजी सचिव को माननीय नेता प्रतिपक्ष की सूचनार्थ,
3. माननीय मुख्यमंत्री के निजी सचिव को माननीय मुख्यमंत्री की सूचनार्थ,
4. समस्त सदस्यगण, उत्तरखण्ड विधान सभा,
5. समस्त मंत्रियों के निजी सचिवों को माननीय मंत्रियों की सूचनार्थ,
6. मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड, देहरादून,

7. महालेखाकार उत्तराखण्ड, महालेखाकार भवन, कौलागढ़, देहरादून,
8. सचिवालय के समस्त अनुभाग,
9. सचिव, विधि मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली,
10. महासचिव, लोक सभा, नई दिल्ली,
11. जिलाधिकारी, चम्पावत,
12. महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड, देहरादून,
13. विधान सभा सचिवालय के समस्त अधिकारीगण तथा अनुभाग,
14. श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, ग्राम मल्ली मादली चम्पावत, जिला-चम्पावत,
15. श्री हरीश चौहान, अनु सचिव विधान सभा को विधान सभा की वेबसाइड हेतु,
16. अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की, उत्तराखण्ड को असाधारण राजपत्र में मुद्रणार्थ, उनसे अनुरोध है कि राजपत्र के मुद्रित पांच प्रतियां इस सचिवालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(मुकेश सिंघल)
सचिव।

संख्या : 352/वि0स0/125/पटल/2007, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः- सचिव, भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली को श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, की विधान सभा की सदस्यता से त्याग पत्र दिये जाने के फलस्वरूप हुई उक्त रिक्ति की पूर्ति हेतु आवश्यक कार्यार्थ एवं सूचनार्थ प्रेषित।

(मुकेश सिंघल)
सचिव।